संख्या: 61/2026/776/छप्पन-2026-12/2013

प्रेषक,

निखिल टीकाराम फुंडे,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में ,

जिलाधिकारी,
गोरखपुर।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 10 अगस्त, 2026

विषय: ई0पी0सी0 मोड पर जनपद गोरखपुर में एयरफोर्स स्टेशन स्थित नये एम0ई0एस0 ऑफिस काम्पलेक्स एवं अन्य इन्फ्रास्टक्चर के निर्माण कार्य में पूर्व निर्मित अवस्थापनाओं के ध्वस्तीकरण हेतु अनुमोदन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या 635/ST दिनांक 03 जुलाई, 2026 एवं मुख्य अभियन्ता, भवन, लो0नि0वि0, लखनऊ के पत्र संख्या 369/सामान्य/भवन सेल/2026 दिनांक 08.07.2026 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा ई0पी0सी0 मोड पर जनपद गोरखपुर में एयरफोर्स स्टेशन स्थित नये एम0ई0एस0 ऑफिस काम्पलेक्स एवं अन्य इन्फ्रास्टक्चर के निर्माण कार्य में पूर्व निर्मित अवस्थापनाओं के ध्वस्तीकरण हेतु अनुमोदन प्रस्ताव एवं शीट संलग्न कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है।

2- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या 113/आर0सी0एस0-2026-जी-1/2019 दिनांक 23 जुलाई, 2026 द्वारा आपके उक्त पत्र दिनांक 03 जुलाई, 2026 को संलग्न करते हुए अनुरोध किया गया है कि अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर के माध्यम से पूर्व निर्मित अवस्थापनाओं के ध्वस्तीकरण का कार्य करायें जाने और इसका वहन स्क्रैप मूल्य के रूप में प्राप्त होने वाली धनराशि से करने तथा शेष (स्क्रैप मूल्य-ध्वस्तीकरण) धनराशि को राजकोष में जमा कराए जाने की अनुमति प्रदान करने का कष्ट करें।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त पत्र दिनांक 03.07.2026 द्वारा किए गए अनुरोध के क्रम में अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर के माध्यम से पूर्व निर्मित अवस्थापनाओं के ध्वस्तीकरण का कार्य करायें जाने और इसका वहन स्क्रैप मूल्य के रूप में प्राप्त होने वाली धनराशि से करने तथा शेष (स्क्रैप मूल्य-ध्वस्तीकरण) धनराशि को राजकोष में जमा कराए जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

भवदीय,
निखिल टीकाराम फुंडे
विशेष सचिव

पृ0सं0-61/2026/776(1)/छप्पन-2026, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग/नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

2- एयर कमोडोर, एयर ऑफिसर कमांडिंग, एयरफोर्स स्टेशन, गोरखपुर।

3- निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ।

4- मुख्य अभियन्ता (तकनीकी सेल), ई0पी0सी0 मिशन, नियोजन विभाग, लखनऊ।

5- मुख्य अभियन्ता, भवन, लो0नि0वि0, लखनऊ को उनके उक्त पत्र दिनांक 08.07.2026 के सन्दर्भ में।

6- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर।

7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।